जागरण सिटी कानपुर

सीएसए के विद्यार्थियों के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा घेरा

जागरण संवाददाता, कानपुर : चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को अब स्वास्थ्य सुरक्षा का दोहरा लाभ मिलेगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों के लिए पांच लाख रुपये तक का दुर्घटना बीमा और एक लाख रुपये तक की मेडिकल सुविधा उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है। परिसर में पहली बार महिला डाक्टर की नियुक्ति की गई है। इससे विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए परिसर में ही चिकित्सकीय परामर्श मिल सकेगा। खासकर छात्राओं को महिला डाक्टर से अपनी स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां साझा करने में सहूलियत होगी।



>> प्रो. मुकेश श्रीवास्तव, अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, सीएसए • सीएसए

अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. मुकेश श्रीवास्तव ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन की इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ स्वास्थ्य सुरक्षा भी उपलब्ध कराना है। दुर्घटना की स्थिति में पांच लाख रुपये तक का बीमा विद्यार्थियों के लिए आर्थिक सुरक्षा का माध्यम बनेगा। वहीं, एक लाख रुपये तक की मेडिकल सुविधा से उन्हें उपचार संबंधी जरूरतों में मदद मिल सकेगी। इस व्यवस्था से विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संबंधी आकस्मिक परिस्थितियों में राहत मिलने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर में नियुक्त महिला डाक्टर विद्यार्थियों को दो पालियों में चिकित्सकीय परामर्श देंगी। वह सुबह 8:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक और शाम चार बजे से सात बजे तक उपलब्ध रहेंगी। इस दौरान विद्यार्थी अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के बारे में परामर्श ले सकेंगे। छात्राएं अब महिला डाक्टर से सहजता से अपनी स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां साझा कर सकेंगी और आवश्यकता पर जरूरी चिकित्सकीय सलाह प्राप्त कर सकेंगी।

5 लाख दुर्घटना बीमा व एक लाख की मेडिकल सुविधा

पहली बार महिला डाक्टर की नियुक्ति, छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं साझा करने में होगी सहूलियत

अमर उजाला 5/11/2026

सीएसए के छात्रों का होगा पांच लाख का बीमा

माई सिटी रिपोर्टर

पहली बार परिसर में महिला डॉक्टर की तैनाती, छात्राओं को भी सहूलियत

कानपुर। पढ़ाई के दौरान हादसा हो जाए या अचानक तबीयत बिगड़ जाए तो सीएसए के विद्यार्थियों को अब आर्थिक चिंता नहीं सताएगी। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) प्रशासन ने विद्यार्थियों को पांच लाख रुपये तक के दुर्घटना बीमा की सुविधा दी है। इतना ही नहीं विश्वविद्यालय के इतिहास में पहली बार परिसर में महिला डॉक्टर की तैनाती भी की गई है। इससे छात्राओं को अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए अब बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।



विश्वविद्यालय प्रशासन की इस पहल से विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ स्वास्थ्य सुरक्षा का भी भरोसा मिलेगा। दुर्घटना की स्थिति में पांच लाख रुपये तक का बीमा आर्थिक संबल बनेगा जबकि एक लाख रुपये तक की मेडिकल सुविधा उपचार में मददगार होगी। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. मुकेश श्रीवास्तव ने बताया कि परिसर में नियुक्त महिला डॉक्टर सुबह और शाम दो पालियों में विद्यार्थियों को चिकित्सकीय परामर्श देंगी। सुबह 8:30 से दोपहर 12 बजे तक और शाम चार से सात बजे तक उनकी सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। छात्राएं महिला डॉक्टर से बेझिझक अपनी स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां साझा कर सकेंगी।